तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार 15 जनवरी 2024

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

12 जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका ने सुदूर...



12 कलेक्टर ने बाधा तालाब, राम मंदिर तालाब...



## अपराध : पिस्टल सप्लायर से दो पिस्टल, दो मैगजीन और 30 राउंड मिली गोली

# असीम हत्याकांड : शूटर विकास और पिस्टल का सप्लायर सोनू गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- सोनू के पास पिस्टल कहाँ से आती थी, उस नेटवर्क की खोज में जुटी पुलिस
- दो दिन और दो रात लगातार सीसीटीव्ही कैमरा, जिले के सभी पल्सर वाहन और मोबाइल को खंगाला गया

असीम हत्याकांड का शूटर चिकास तालुकदार पिता विश्वनाथ तालुकदार हत्या करने के बाद गोपी के घर में पिस्टल को छिपाकर रखने के बाद पुलिस को चकमा देते हुए महाराष्ट्र के गढ़चिरौली होते हुए करीमनगर से हैदराबाद भाग गया था। पखांजुर से निकली 4 पुलिस टीम में से एक टीम को हैदराबाद से शूटर को हिरासत में लेने में कामयाबी मिली। शूटर को दबोचने के बाद पिस्टल की सप्लाई करने वाले सोनू साहू को दंतेवाड़ा से दबोचा गया और तलाशी में उसके पास से दो पिस्टल, दो मैगजीन और 30 राउंड गोली जप्त किया।



पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारी जानकारी देते हुए।



आरोपी शूटर विकास तालुकदार

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि हत्या के दिन से पाँच दिनों तक मैं स्वयं, जिले के तीनों एएसपी अविनाश ठाकुर, प्रशांत शुक्ला, खोमन सिन्हा, एसडीओपी पखांजुर रवि कुजूर, भानुप्रतापपुर एसडीओपी पैकरा, सायबर सेल के डीएसपी अविनाश ठाकुर और कोतवाली प्रभारी शरद दुबे, नरहरपुर थाना प्रभारी मोरध्वज देशमुख, पखांजुर थाना प्रभारी लक्ष्मण केवट, बांदे थाना प्रभारी देशमुख ⏭ शेष पेज 12 पर

आरोपी के कब्जे से मिली दो अन्य पिस्टल




### सवा लाख में खरीदी थी पिस्टल

पिस्टल बेचने वाले सोनू साहू ने पुलिस को बताया कि नीलरतन ने 50 हजार रूपएं आनलाईन पैसा ट्रांसफर किया था। पिस्टल लेने के लिए विकास तालुकदार और नीलरतन मंडल दिसंबर के अंतिम सप्ताह दंतेवाड़ा गए और नगद 75 हजार रूपएं देकर एक पिस्टल, दो मैगजीन और गोली ले गए थे। पुलिस यह नहीं बता पाई कि कितने राउंड गोली बेची गई थी। शूटर के कब्जे से 8 राउंड गोली मिली है और एक राउंड गोली असीम पर चलाया।



शूटर ने इसी रिवाल्वर से मारी थी गोली

### सोनू साहू से अभी पूछताछ जारी

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दंतेवाड़ा में रहने वाले सोनू साहू के पास से 2 पिस्टल, 2 राउंड और 30 गोली को हमारी टीम ने जप्त किया है। इससे अभी पूछताछ जारी है। पूछताछ के बाद ही पता चल सकेगा कि यह पिस्टल कहाँ से लाता था और अभी तक किसे किसे बेचा है। पुलिस इस नेटवर्क में आगे काम करती है तो आने वाले समय में कई अवैध पिस्टल रखने वालों का खुलासा हो सकता है।



आरोपी सोनू साहू

# बस्तर की संस्कृति परंपरा व रीति नीति है बेहद प्रभावकारी : संगीता



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- सम्मेलन में धमतरी, बालोद से भी पहुंचे विवाह योग्य युवक युवती

डड़सेना कलार समाज भवन संभागीय मुख्यालय अलबेलापारा में रविवार को परिचय एवं पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें संभागभर के अलावा धमतरी, बालोद व अन्य क्षेत्रों से भी विवाह योग्य युवक युवती पहुंचे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजारी बालोद के विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि बस्तर की संस्कृति परंपरा और रीति नीति सभी को प्रभावित करता है। उन्होंने दोनों समाज के लोगों से आव्हान करते हुए कहा कि दोनों एक होकर समाज को और मजबूत बनाएं। मुख्य अतिथि द्वारा समाज के नियमावली पत्रिका का विमोचन भी किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि भानुप्रतापपुर सीट का चुनाव जिताने में कलार समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, उन्होंने समाज के लोगों का आभार व्यक्त भी किया। विधायक ने कहा कि कलार समाज को भानुप्रतापपुर क्षेत्र में समाज भवन निर्माण के लिए गांव गांव में राशि स्वीकृत कराया गया है। डड़सेना कलार समाज के संभागीय अध्यक्ष पुरूषोत्तम गजेन्द्र ने बताया कि डड़सेना कलार समाज के द्वारा नियमावली में कई समाजिक कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के बाद प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए एक दिवसीय कार्यशाला समाज की ओर से आयोजित करने की बात कही। महासमुंद के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने समाज के लोगों को संगठित होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी ⏭ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### हनुमान मंदिर से स्वच्छता अभियान की शुरुआत हुई



**अंतागढ़।** राम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 14 से 22 जनवरी तक सभी मंदिरों में देवालयों के आसपास स्वच्छता अभियान की शुरुवात विधायक विक्रम उसेंडी ने अंतागढ़ के हनुमान मंदिर से किया। भाजपा मंडल के कार्यकताओं के साथ स्वच्छता अभियान में जितेंद्र मरकाम, राम विलास गुप्ता, महेंद्र सिंग ठाकुर, बंटी ठाकुर, सुनील ठाकुर, महावीर ठाकुर, अमल नृवास, अवधेश साहू , सतीश ठाकुर, अमित निषाद, गोलू महावे, प्रतीक ठाकुर, इरफान खान, अजय यादव व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विवेकानंद जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**कांकेर।** स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस पर सरस्वती शिशु मंदिर गढ़पिछवाड़ी के द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में आए अतिथियों ने विवेकानंद को विशाल लक्ष्य, राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव, धैर्यशील, अदम्य साहस एवं विशाल व्यक्तित्व का धनी बताया। तत्पश्चात शोभायात्रा निकाली गई। भ्रमण के दौरान विद्यालय के छोटे बच्चो ने स्वामी विवेकानंद की वेशभूषा धारण किया, जो बड़ा आकर्षक था। शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए स्वामी रामदेव बाबा मंदिर के पास पहुंची जहां सभा आयोजित किया गया। इस अवसर पर अशोक राठी, कोठारी संस्था के प्राचार्य कैलाश कुमार तारक, समस्त आचार्य व शिक्षकगण उपस्थित रहें।

### शराब परोसते युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत जामगांव में 13 जनवरी को शाम साढ़े 4 बजें पुलिस ने रेड कार्यवाही करते हुए बाजारपारा जामगांव निवासी 31 वर्षीय लोकेश रजक को पुलिस ने लोगो को अवैध रूप से शराब पिलाते पकड़ा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी द्वारा अन्य लोगो शराब परोसे जाने की जानकारी मुखबिर से मिला था। मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने ईलाके की घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया और आरोपी को पकड़ा गया। पुलिस को आता देख शराब पीने वाले भाग निकले। आरोपी के कब्जे से महुआ शराब और दो नग डिस्पोजल को जप्त कर 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### युवक ने खुदकुशी की, कारण अज्ञात

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत कवाची पटेलपारा दुर्गुकोंदल निवासी 18 वर्षीय सांवली नरेटी पिता सुकलाल ने 13 जनवरी को शाम सवा 4 बजे अज्ञात कारणो के चलते घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने झाड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### नगर पंचायत अध्यक्ष व पार्षद का पुतला दहन



**अंतागढ़।** युवा मोर्चा मंडल अंतागढ़ द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेता असीम राय की निर्मम हत्या के अक्षम्य अपराधी कॉंग्रेस नगर पंचायत अध्यक्ष बप्पा गाँगुली एवं पार्षद विकास पाल का युवा मोर्चा मंडल द्वारा गोल्डन चौक में पुतला दहन किया गया। जिसमें युवा मोर्चा एवं मंडल के समस्त कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

# पुलिस ने दी चार जगह दबिश, कच्ची शराब जब्त और 4 कोचिए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

अवैध रूप से शराब बेचे जाने की जानकारी पुलिस को मुखबीर से लगातार मिलते आ रही थी। पुलिस ने अवैध रूप से शराब बनाने व बेचने वालो पर नकेल कसने के लिए लगातार कार्यवाही कर रही है। चार अलग अगल थानो से पुलिस ने 13 जनवरी को चार शराब कोचियों को पकड़ा और उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

कांकेर थानांतर्गत अर्जुनी निवासी अनिता उसेंडी पति स्व. महेश उसेंडी के कब्जे से पुलिस ने 13 जनवरी को शाम साढ़े 5 बजें 7 लीटर महुआ शराब को जप्त किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से जानकारी मिली कि आरोपी महिला द्वारा हाथ भट्‌टी से बना हुआ शराब को बेचने के लिए अपने कब्जे में रखी हुई है व बिक्री करने के लिए ग्राहक की तालाश में है। पुलिस ने तस्दीक के उपरांत आरोपी महिला के घर दबिस दिया व उसके घर से 7 लीटर हाथ भट्‌टी ने बना हुआ महुआ शराब कीमती 700 रूपएं और नगद 300 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। चारामा थानांतर्गत गढ़ियापारा लखनपुरी निवासी अमिला मंडावी पति गजेंद्र मंडावी के कब्जे से पुलिस ने 7 लीटर महुआ शराब को जप्त किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 13 जनवरी को शाम करीबन साढ़े 5 बजें गढ़ियापारा चौक पास आरोपी महिला के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब कीमती 700 रूपएं व नगद 200 रूपएं को जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

कच्चे चौकी अंतर्गत आवापारा कच्चे निवासी 50 वर्षीय नेमिन साहू पति भूखन साहू के कब्जे 13 जनवरी को शाम 5 बजें हाथ भट्‌टी से बना हुआ 6 बल्क लीटर महुआ शराब जिसकी कीमत 1 हजार 100 रूपएं व नगद 250 रूपएं को जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। भानुप्रतापपुर थानांतर्गत दाबकट्‌टा निवासी दुकालू राम नेताम पिता गैंदसिंह के कब्जे से 13 जनवरी को शाम साढ़े 7 बजें पुलिस ने 8 लीटर महुआ शराब को जप्त किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अवैध महुआ शराब को बेचने के लिए अपने कब्जे में रखा हुआ था, जिसे जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।



# हादसे में बाइक चालक की मौत, मर्ग कायम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

दुर्गुकोंदल थानांतर्गत दियागांव जाने वाले रास्ते में 23 सितंबर कि शाम को सड़क दुर्घटना में राजेश्वर मारगिया को गंभीर चोट आया था, जिसके कारण उसका मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था।

विवेचना के दौरान पाया गया कि 23 सितंबर को शाम 4 बजे ग्राम मदले से प्यारेलाल गुनागहिया के साथ मृतक राजेश्वर मारगिया मोटर सायकल क्रंमाक सीजी 07 ए 1026 के पीछे में बैठकर दुर्गुकोंदल घुमने गए थे। दुर्गुकोंदल से घुमकर वापस घर ग्राम मदले आ रहे थे कि दियागांव पहूंच मार्ग के पास मोटर सायकल के चालक प्यारेलाल गुनागहिया ने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए रोड किनारे महुआ झाड़ में ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से राजेश्वर मारगिया के सिर, चेहरा में चोंट लगने से मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाप धारा 279, 337, 304(ए) आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।




# एनएच 30 पर ट्रक ने ट्रक को पीछे से ठोका, हेल्पर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

बीती रात को लगभग 1 बजे के आसपास राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर कृषि विज्ञान केन्द्र के पास दो ट्रकों में भीषण टक्कर होने से एक ट्रक का सामने का हिस्सा और दूसरे ट्रक का पीछे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया । सामने से क्षतिग्रस्त होने वाले ट्रक के हेल्पर को चोट आई, जिसे रात को पुलिस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीई 7226 के चालक चक्रधर बघेल ने बताया कि ट्रक में लौह अयस्क का परिवहन कर जगदलपुर से रायपुर जा रहे थे। बीती रात को लगभग एक बजे के आसपास पीछे आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 17 केआर 9211 ने तेज गति से आकर पीछे से हमारी ट्रक को टक्कर मारा। टक्कर इतनी तेज थी कि मेरे ट्रक का पीछे का डाला आगे खिसक गया और पीछे का एक टायर फूट गया वहीं पीछे वाले ट्रक का सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। ठोकर मारने वाले ट्रक के चालक और परिचालक को जिला अस्पताल में रात को पुलिस ने भर्ती कराया था। परिचालक हिस्से का ट्रक क्षतिग्रस्त होने से स्पष्ट है कि परिचालक को ज्यादा चोट आई होगी। ट्रक चालक ने सामने ⏭ शेष पेज 12 पर



# पानी भरने पर विवाद, ईंट से किया हमला, एक का सिर फटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर/भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर में वार्ड क्रमांक 2 में नल से पानी भरने की बात को लेकर पड़ोसी ने प्रार्थी के साथ ईट से हमला कर दिया। हमले से प्रार्थी व उसकी तीन साल की बेटी को चोट आया है। आरोपियों द्वारा विवाद कर जान से मारने की धमकी भी दिया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी-बेटे के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

भानुप्रतापपुर वार्ड क्रमांक 2 निवासी 39 वर्षीय धनेन्द्र त्रिपाठी पिता रामगणेश त्रिपाठी ने भानुप्रतापपुर थाना पहुँचकर पुलिस को बताया कि बाजारपारा में किराना कि दुकान चलाता हूँ और अपनी पत्नी अनुसुईया त्रिपाठी व बेटी तेजल त्रिपाठी के साथ 13 जनवरी को पानी भरने के लिए घर के बाजू में स्थित सरकारी नल में गया था। सरकारी नल में मुहल्ले के लोग भी पानी भर रहे थे, मैं भी पानी भरने के लिए बाल्टी लगाया तभी आरोपी अजय पाण्डे उर्फ बिट्टू और उसकी मां जूही पाण्डे अपना पाईप लगाने के लिए आई और विवाद करने लगी। मैने कहा कि पहले जो लाईन में लगे है, उनको पानी भर लेने दीजिए। आरोपी अजय पांडे के द्वारा जान से मार देने का धमकी देकर पास में रखे ⏭ शेष पेज 12 पर



# अवैध निर्माण हटाने पर सरपंच से अभद्रता आरोपियों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

हल्बा चौकी अंतर्गत ग्राम टहंकापार में 5 जनवरी को दोपहर साढ़े 12 बजें अवैध रूप से जमीन पर कब्जा कर बने गोदाम हो हटाने के लिए ग्रामीण को बोले जाने पर आरोपी ने सभी के सामने सरपंच के साथ गाली गलौज करते हुए स्वयं को आग से जला देने की धमकी देने लगा। आरोपियों के खिलाफ शिकायत करने पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

टहंकापार हल्बा निवासी 68 वर्षीय माखन सिंह ठाकुर पिता स्व. धरमुराम ठाकुर ने पुलिस को बताया कि गांव के अखलेश्वर सिन्हा पिता कन्हाई सिन्हा के द्वारा ग्राम टहंकापार स्थित शासकीय चरागन भूमि में अवैध रूप से गोदाम निर्मित कर कब्जा किया हुआ है। जमीन में निर्मित गोदाम को हटाने उपस्थित होने सूचना मिलने पर 5 जनवरी को पंचायत भवन गया तो राजस्व एवं पुलिस अमला उपस्थित था, इसके अलावा और गांव के पटेल सत्यनारायण साहू, ग्राम प्रमुख गोविंद राम पटेल, सहदेव नेताम, जिरजोधन पटेल, कामता राम साहू, देवसिंग मंडावी, रूखू राम मंडावी एवं वार्ड पंच उर्मिला निषाद निर्मला मंडावी, रमिला मंडावी, पुन्नु लाल जुर्री, नागेश्वर कुंजाम एवं अन्य पंच उपस्थित थे। आरआई द्वारा अखलेश्वर सिन्हा के द्वारा चारागन भूमि में कब्जा कर गोदाम निर्मित किया है, जिसे हटाया जाना है। ग्राम पटेल, ग्राम प्रमुखगण, वार्ड पंचगण महिला पुरूष तथा ग्रामीण के साथ गोदाम के पास गए। अखलेश्वर सिन्हा ⏭ शेष पेज 12 पर

## कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान बीएलओ की पकड़ी लापरवाही

# मतदाता सूची पुनरीक्षण में लापरवाही बीएलओ को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 6 जनवरी से चल रहा है। विधानसभा क्षेत्र कांकेर के माहुरबंदपारा स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 51 में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह औचक निरीक्षण करने पहुँचे। कलेक्टर के द्वारा पूछे गए प्रश्न का सही ढंग से जवाब नहीं देने पर कलेक्टर ने बीएलओ को नोटिस जारी करने निर्देशित किया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी माहुरबंदपारा स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 51 में औचक 14 जनवरी को पहुँचे और कुल मतदाता की संख्या, नवीन जुड़े मतदाताओं की संख्या, नाम हटाने एवं शिफ्टिंग के लिए प्राप्त आवेदन के संबंध में बीएलओ सतीश मण्डावी से पूछा। बीएलओ ने बताया कि इस मतदान केन्द्र में कुल 930 मतदाता हैं। वर्तमान में चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के तहत मतदाता सूची में अब तक 6 नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर ने नए मतदाताओं के आवेदन का परीक्षण करते हुए नाराजगी जाहिर किया और कहा कि यह सभी नाम विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान ही जुड़ जाने थे, इस पर बीएलओ द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कांकेर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत माहुरबंदपारा मतदान केन्द्र का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति से अवगत हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्वाचन आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता वाला कार्य है और इसमें लगे सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का सजगता व गंभीरता के साथ कार्य का निर्वहन करें। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक मारबल, एसडीएम मनीष साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने किया स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को कोरगांव स्कूल तथा सारबेड़ा में आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से बातचीत की और उन्हें शिक्षक की भांति पढ़ाया। उन्होंने बच्चों से भविष्य के लक्ष्य के संबंध में भी पूछा। कोरगांव प्राथमिक शाला में अध्ययनरत दुर्लभ ने फौजी बनने की इच्छा जताई। वहीं नव्या ने गायिका बनने की। कलेक्टर ने इस बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए अपने लक्ष्यों को पाने के लिए अधिक से अधिक परिश्रम करने को कहा। उन्होंने इस दौरान स्कूल और आंगनबाड़ी में पेयजल, शौचालय आदि का निरीक्षण भी किया। उन्होंने सभी शिक्षकों से कहा कि वे बच्चों के शैक्षणिक स्तर को ऊंचा उठाने के लिए कठिन से कठिन परिश्रम करें, जिससे बच्चे सफल हो सकें। उन्होंने इसके साथ ही कोरगांव हाईस्कूल में निरीक्षण के दौरान बच्चों और शिक्षकों से बातचीत की तथा व्यावसायिक प्रशिक्षक को अधिक से अधिक प्रायोगिक प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, अनुविभागीय दण्डाधिकारी अनिकेत साहू सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### पहले ही महीने में पूरी हुई कई बड़ी गारंटी : कविंद्र

**धमतरी।** भाजपा जिला महामंत्री कविंद्र जैन ने कहा कि प्रदेश में विष्णु देव साय की नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने उपलब्धियों से भरे एक माह पूर्ण किये। इस एक माह के अल्प समय में प्रदेश की सरकार का पूरा फोकस प्रधानमंत्री मोदी की गारंटियों को पूरा करने में रहा। प्रदेश में सरकार के गठन के साथ ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 13 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट लाकर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल की जन्म जयंती के दिन प्रदेश के किसानों को 2 वर्ष के बकाया बोनस के रूप लगभग 3800 करोड़ रुपये सीधे खाते में ट्रांसफर किये। पिछले 5 वर्षों से रुके हुए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास को स्वीकृति देने संबंधी फाइल में दस्तखत किये। इसी सत्र से ही प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी प्रारंभ की। 3100 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से अंतर की राशि किसानों को एक मुश्त देने की घोषणा की। 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दिव्य मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा को यादगार बनाने तथा उस दिन दिवाली की तरह उत्सव मनाने के लिये प्रदेश के सभी स्कूल, कालेजों मे छुट्टी की घोषणा की।

### 22 को श्रीराम की होगी महाआरती

**धमतरी।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र आयोजन समिति एवं पीबीएस आयल इंडस्ट्रीज अर्जुनी द्वारा 22 जनवरी सोमवार को रात्रि 8 बजे से शास्त्री चौक में श्रीराम की भव्य महाआरती हरिद्वार की गंगा आरती के पंडितों द्वारा की जायेगी। कारसेवकों का सम्मान, संगीतमय सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ व रंगारंग आतिशबाजी भी होगी।

## प्राचार्यों की अनुपस्थिति पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के दिए निर्देश

# जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका ने सुदूर वनांचल के शैक्षणिक संस्थानों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी द्वारा शनिवार को मर्दापाल क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इसके तहत उन्होंने शासकीय उमावि सम्बलपुर में संस्था के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित प्रभारी प्राचार्य अर्पिता श्रीवास्तव पर अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिये। संस्था में विज्ञान प्रयोगशाला के रखरखाव एवं प्रायोगिक कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए विज्ञान शिक्षकों को सुझाव दिये गये। विशेष तौर पर रसायन विषय का कक्षा में अध्यापन कार्य संपादित कर विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण अवधारणाओं को स्पष्ट किया गया। इसके साथ ही बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बतायी।



### मटवाल व हसलनार में व्यक्त की प्रसन्नता





शासकीय हाई स्कूल मटवाल पहुंच कर संस्था के लिए नवनिर्मित भवन में कक्षा संचालन के निर्देश दिये गये ताकि वर्तमान में संचालित माध्यमिक शाला के लिये स्थान की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। शास उमावि हसलनार में पहुंच उन्होंने शैक्षणिक गतिविधियों एवं गुणवत्ता पर प्रसन्नता जाहिर करते हुये गत वर्षों के परीक्षा परिणाम अनुसार इस वर्ष भी उत्तम परिणाम प्राप्त करने के लिए शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को अथक प्रयास करने की सलाह दी गई। इस दौरान जिला परियोजना अधिकारी वेणु गोपाल राव भी उपस्थित रहे।

### कार्यालयीन दस्तावेजों के संधारण को लेकर जाहिर की नाराजगी

मर्दापाल के स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में जाकर संस्था की गतिविधियों का सूक्ष्म विश्लेषण किया गया। संस्था प्रमुख रामधर कोर्राम की अनुपस्थित पर नाराजगी जाहिर करते हुये अनुशासनात्मक कार्यवाही करने को कहा। संस्था की मिशन 95 में शामिल छात्रा प्रियांशी साहू से उन्होंने अध्यापन कार्य की प्रगति की जानकारी ली। संस्था में कार्यालयीन दस्तावेजों के संधारण को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुये एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कर पालन प्रतिवेदन प्रेषित करने के निर्देश दिये। एक ही परिसर में संचालित बालक एवं कन्या उमावि मर्दापाल के निरीक्षण में अनुपस्थित पाए गए प्राचार्य शंकरलाल मंडावी को भी चेतावनी पत्र जारी किया गया। संस्था में उपलब्ध डिजीटल संसाधन का उपयोग कर गणित के आधारभूत अवधारणाओं को सिखाने पर जोर दिया। इस संस्था में भी प्रायोगिक कक्षों के रखरखाव को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुये विज्ञान शिक्षकों को चेतावनी दी गई।

# जिला पंचायत सदस्य रमिला ने बांटे पानी टैंकर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव माकडी जिला पंचायत सदस्य रमिला ब्राह्म मरकाम द्वारा अपने जिला निर्वाचित क्षेत्र पर धुआंधार दौरा कर विभिन्न ग्रामों में पेयजल के लिए पानी टैंकर एवं निर्माण कार्योर् का भूमि पूजन कर ग्रामीणों को सौगात दी। जिला पंचायत विकास निधि से ग्राम पंचायत शामपुर ग्राम पंचायत हडीगांव आश्रित ग्राम बडगांव ग्राम पंचायत उलेरा में रंगमंच भवन भूमि पूजन एवं पानी टैंकर उद्घाटन कर कहा कि पानी टैंकर सुख–दुख में धार्मिक कार्यक्रम में ग्रामीणों को अति आवश्यकता पडता है। जिसमें ग्रामीणों द्वारा कंधे पर लाद के पानी लाते थे, पर अब पानी टैंकर मिलने से आप लोगों को कंधे पर ढोकर कर पानी नहीं लाना पड़ेगा। ग्रामीणों द्वारा पानी टैंकर एवं रंगमंच पाकर जिला सदस्य को धन्यवाद देकर खुशी जाहिर की।


कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रतिनिधि गजेंद्र राठौर एवं महिला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती सुकली पोयाम लक्ष्मण मरकाम दिनेश कश्यप गुदराम मरकाम ब्रह्मा लाल मरकाम जय राम मरकाम सरपंच ललिता मरकाम सरपंच जमुना मरकाम सरपंच के द्वारा संपन्न हुआ।

# धान खरीदी में अफरा-तफरी करने वाले कोचियों और मिलर्स के विरुद्ध होगी कड़ी कार्रवाई : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ कलेक्टर श्री दुदावत ने की धान खरीदी कार्य की समीक्षा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने रविवार को धान खरीदी कार्य की समीक्षा की। जिला कार्यालय के प्रथम तल में आयोजित बैठक में उपस्थित खाद्य निरीक्षक, सहकारिता निरीक्षक, समिति प्रबंधक और नोडल अधिकारियों से कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना है तथा इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने कोचियों के माध्यम से आने वाले धान पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर दुदावत ने कहा कि धान खरीदी का कार्य अंतिम चरणों में है तथा आगामी दिनों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतते हुए धान खरीदी का कार्य सुगमता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने इस दौरान सभी नोडल अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों में मौजूद रहने के साथ ही धान का सत्यापन अनिवार्य तौर पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी कार्य के निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी के अनुपस्थित पाए जाने तथा धान के सत्यापन नहीं पाए जाने पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारियों के साथ ही राजस्व अमले के द्वारा भी धान का सत्यापन किया जाएगा और इसमें किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।



*अवैध धान परिवाहन पर कड़ी नजरें: कलेक्टर ने कहा कि धान के अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जाए। धान का अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही मंडी अधिकारियों द्वारा किसानों के माध्यम से धान खपाने वाले कोचियों पर भी लगातार निगरानी रखी जाए और ऐसे प्रकरणों पर कड़ी कार्यवाही की जाए।*

### हमालों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करे

समितियों में पर्याप्त संख्या में हमालों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे उठाव का कार्य सुगमता के साथ किया जा सके।कोंडागांव जिले में 67 उपार्जन केन्द्रों में पंजीकृत 52 हजार 29 किसानों में से 35 हजार 749 किसानों ने 1 नवंबर से अब तक 2 लाख 8 हजार 269 मेट्रिक टन धान विक्रय कर लिया है। इनमें 95 हजार 26 मेट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है।

### मौजूद रहे ये

बैठक में प्रभारी खाद्य अधिकारी नवीन श्रीवास्तव, सहकारी समितियों के सहायक पंजीयक केएल उइके, जिला विपणन अधिकारी अभिषेक मिश्रा, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी श्री संत कुमार कन्नौजिया उपस्थित रहे।

# जिले में स्वच्छ आंबा अभियान का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने गुरुवार को जिले में स्वच्छ आंगनबाड़ी अभियान का शुभारंभ किया। जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित सभा में अभियान का शुभारंभ करते हुए कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छ आंगनबाड़ी अभियान के तहत सबसे अधिक व्यवहारिक स्वच्छता पर ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी, परियोजना अधिकारी और पर्यवेक्षकों से कहा कि वे क्षेत्रें में सक्रियता के साथ कार्य करें, जिससे लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों को व्यवस्थित रखने के साथ ही छोटे बच्चों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराना है। बच्चे न केवल आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्वच्छता के नियमों का पालन करें, बल्कि घर पर भी वे स्वच्छता के महत्व को समझें। उन्होंने कहा कि इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक है कि शत–प्रतिशत बच्चों की नियमित उपस्थिति आंगनबाड़ी केन्द्रों में हो। कलेक्टर दुदावत ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थापना का मुख्य उद्देश्य बच्चों के सीखने की क्षमता में वृद्धि करना तथा कुपोषण को दूर करना है तथा इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए आवश्यक है कि विभाग के सभी अधिकारी सजगता के साथ कार्य करें। उन्होंने बच्चों गर्भवती व शिशुवती माताओं को दी जाने वाली पोषक सामग्री पर्याप्त मात्र में आंगनबाड़ी केन्द्रों में उपलब्ध रखने के साथ ही रसोईघर को व्यवस्थित रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि कुपोषण और एनीमिया को दूर करने के लिए जिले में संचालित योजनाओं का गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन किए जाने पर लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने पोषण पुनर्वास केन्द्रों में उपलब्ध सभी बिस्तरों का उपयोग कुपोषित बच्चों के उपचार के लिए करने के निर्देश भी दिए।

## कलेक्टर पहुंचे कोरगांव धान खरीदी केन्द्र

**निरीक्षण के बाद बोले किसानों को कोई दिक्कत नहीं हो**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को कोरगांव में धान खरीदी केन्द्र का अवलोकन किया। उन्होंने इस दौरान धान बेचने के लिए समिति में आए किसानों से बातचीत की और उन्हें यहां मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान बारदानों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी भी ली। कलेक्टर ने मौसम को देखते हुए धान के उचित रखरखाव के संबंध में निर्देशित किया, जिससे धान का नुकसान न हो। कलेक्टर ने कहा कि धान बेचने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा किसानों को टोकन कटवाने से लेकर धान को तौलवाने की पूरी प्रक्रिया सुगमतापूर्वक पूरी की जाए। उन्होंने धान खरीदी के लिए छोटे किसानों को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही उन्होंने धान तौलने के लिए पांच कांटा बांट लगाने तथा निर्धारित मात्र में ही धान तौलने के निर्देश भी दिए।

### मौजूद रहे ये

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, सहायक पंजीयक सहकारी समिति केएल उईके, जिला विपणन अधिकारी अभिषेक मिश्रा, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी संत कुमार कन्नौजिया सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## विधायक लता उसेण्डी ने मंदिर स्वच्छता अभियान में लिया हिस्सा



कोण्डागांव। कोण्डागांव की विधायक लता उसेंडी ने कोण्डागांव जिला मुख्यालय के बांधा तालाब स्थित शिव मंदिर में की साफ सफाई की। इस अवसर पर नगर पालिका के स्वच्छता कर्मियों ने विधायक के साथ मिलकर मंदिर के साथ साथ बांधा तालाब में भी स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि बाल सिंह बघेल, दीपेश अरोरा, पार्षदगण, नगर पालिका सीएमओ अजय सिंह, सहायक अभियंता विजय मेहरा, उप अभियंता देवेंद्र सिदार, गिरिराज पोर्ते सहित गणमान्य नागरिक एवं स्वच्छता दीदियां उपस्थित रहे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी के पहले सभी लोगों से मंदिरों,आस्था केंद्रों की साफ सफाई करने का आव्हान किया है। जिसके तहत पूरे राज्य में मंदिर स्वच्छता अभियान के माध्यम से मंदिरों की सफाई की जा रही है साथ ही छत्तीसगढ में भी रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव' धूमधाम से मनाने की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं।

## किसी चीज को पाने और आगे बढ़ने के लिए हौसला है जरूरी: नीलकंठ



**फरसगांव।** केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम फरसगांव ब्लाक के ग्राम पलना में आयोजित ब्लॉक स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन में मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे हुए विजेता खिलाड़ियों को पुरुस्कार का वितरण कर कार्यक्रम में उपस्थित खिलाड़ी बच्चों और ग्रामीणों को सफल आयोजन को लेकर बधाई दिए। वहीं कार्यक्रम में विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा मैंने आपको गांव तीन साल बाद आया हु मैंने आपके गांव को भूला नहीं है मैं आज भी वैसा ही हूं जैसा तीन साल पहले था, कुछ कारणों से जिले से बाहर था, लेकिन अब आपके क्षेत्र में वापस आ गया हूं। अब फिर जैसे इस क्षेत्र में पहले की तरह विकास कार्यों में तेजी आएगी। जैसे सड़क , पुल, पुलिया, बिजली पानी सभी विकास कार्य जल्द से जल्द करवाया जाएगा।

# कृषक रामराय का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



ग्राम चूरेगांव निवासी कृषक रामराय मरकाम उन्नत और प्रगतिशील किसान के रूप में मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित हुए हैं। दुर्ग जिले के खपरी में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कृषि मेला और संगोष्ठी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा प्रदेश के उन्नत और प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया। जिसमें कोण्डागांव जिले के प्रगतिशील कृषक रामसाय मरकाम को सम्मानित किया गया। रामराय विगत कई वर्षों से गुलाब के खेती करते आये हैं। इस अवसर पर कृषि कल्याण मंत्री रामविचार नेताम, वित्त मंत्री ओम प्रकाश चौधरी, अहिवारा विधायक डोमलाल कोरसेवाडा, कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार, संचालक कृषि चंदन संजय त्रिपाठी, डारेक्टर ऑफ़ हार्टिकल्चर वी माथेश्वरन एवं इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने नवीन बस स्टैण्ड परिसर की सफाई कर दुकानों को आबंटित करने के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने बाधा तालाब, राम मंदिर तालाब एवं नहरपारा तालाब का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने शनिवार को नगर पालिका क्षेत्रंतर्गत विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। जिसके तहत उन्होंने सर्वप्रथम नवीन बस स्टैण्ड का अवलोकन किया। जिसमें सफाई एवं व्यवस्थाओं का अभाव देखते हुए उन्होंने नाराजगी जताई और पूरे बस स्टैण्ड परिसर में सफाई कराकर निर्मित दुकानों को आबंटन प्रक्रिया के माध्यम से आबंटित करने और बस स्टैण्ड के लॉज को भी आबंटित कराकर संचालन प्रारम्भ करवाने को कहा। इसके अतिरिक्त नियमित पानी की व्यवस्था, सफाई के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए भी निर्देशित किया।



### बांधा तालाब में गंदगी पर कलेक्टर ने जताया रोष

कलेक्टर ने नगर के मध्य स्थित बांधा के चारों ओर भ्रमण करते हुए सफाई की लचर व्यवस्था और हर तरफ अनचाहे पौधों के उगे होने पर रोष व्यक्त करते हुए जल्द से जल्द बांधा तालाब के चारों ओर के परिपथ की सफाई कराने के साथ झाड़ियों को साफ कर प्लांटेशन कराने और परिपथ में टूटे मागोंर् एवं लाइटों का त्वरित रूप से मरम्मत करा कर परिपथ के पीछे के गेट को लगाने को कहा। उन्होंने बांधा तलाब के भीतर बनी चौपाटी की दुकानों को आबंटित कर उसे प्रारम्भ कराने के भी निर्देश दिए।

### राम मंदिर तालाब सौंदर्यीकरण का कार्य जल्द करें पूरा

कलेक्टर ने राम मंदिर तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए किये जा रहे कार्यों का अवलोकन करते हुए वहां पौधारोपण के साथ लाइटों की व्यवस्था, लैंडस्केपिंग को अच्छी तरह कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने इसका कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने के भी निर्देश दिए।

### नहरपारा तालाब का होगा सौंदर्यीकरण

कलेक्टर ने नगर में स्थित नाहरपारा के तालाब के सौंदर्यीकरण के लिएनगर पालिका द्वारा निर्मित प्लान का अवलोकन करते हुए इसके सौंदर्यीकरण को आवश्यक बताया और कार्ययोजना में आवश्यक सुधार के लिए 7 दिनों में नई कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने और जल्द से जल्द काम प्रारम्भ कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा, अनुविभागीय दण्डाधिकारी निकिता मरकाम, प्रभारी सीएमओ अजय सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### असीम हत्याकांड : शूटर...

और टीम के अन्य सदस्य ने प्रारंभ के दो दिन और दो रात बिना सोए सीसीटीव्ही कैमरा, जिले में पल्सर सभी वाहन और मोबाईल को खंगाला गया। पुलिस की सभी टीम के द्वारा 360 डिग्री विवेचना की गई, उसी के उपरांत संवेदनशील व राजनैतिक हत्या का खुलासा हो सका। इस मामले में 11 आरोपियों को जेल भेजने के उपरांत शूटर को दबोचने के लिए निकली टीम ने शूटर को हैदराबाद से पकड़ा और उसके बताए गए स्थल गोपी दास के घर के पीछे बाड़ी में पैरा में छिपाए गए 7.65 एमएम पिस्टल, दो मैगजीन एवं 8 नग राउंड को जप्त करवाया। इस मामले में और भी कोई इनपुट मिलता है, उससे भी पूछताछ जारी रहेगी। विवेचना जब तक चलेगी, तब तक इन आरोपियों के अलावा अन्य किसी का नाम आता है, उस पर भी कार्यवाही होना तय है।

### बस्तर की संस्कृति परंपरा...

जायसवाल के कलार समाज को दिए संदेश को बताते हुए कहा कि समाज के लोगों को किसी भी प्रकार समस्या होने पर समाज के लोगों की ओर से जानकारी मिलने पर समस्याओं के निराकरण का प्रयास किया जाएगा। आयोजित कार्यक्रम में फूलचंद दीवान, कारिया दीवान, गजाधर वैध, दयाराम जैन आदि अतिथियों ने सम्मानित किया। इस दौरान उपाध्यक्ष सुलेन्द्र नेगी, महामंत्री सोनीलाल जैन, कोषाध्यक्ष देवकुमार जैन, झाड़ूराम नेवेन्द्र, माधव जैन, भगवती गजेन्द्र, घनाराम नागराज, केदार जैन, तुलाराम सिन्हा, शुसीला सिन्हा, वीणा जैन, नंदकुमार जैन, नीलकंठ शार्दूल, श्याम दीवान, मनीराम सिन्हा, मुन्नाराम सिन्हा, कृष्णा पांडे, बंशीलाल पांडे, दिलीप दीवान, सुखीत जैन वहीं युवा प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष प्रदीप सिन्हा, तरूण कुमार जैन, सुरेश नाग, देवेन्द्र सिन्हा, पुरूषोत्तम सिन्हा, कामता प्रसाद सिन्हा, सतीश नाग, टोकन सिन्हा, पंकज नाग उपस्थित रहे।

### एनएच 30 पर ट्रक ने...

जा रही ट्रक को पीछे से टक्कर क्यों मारा, यह समझ में नहीं आया। ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीई 7226 के चालक का कहना था कि पीछे वाले ट्रक बहुत तेज गति से आ रहा था और अचाकन मेरे ट्रक को ठोका। हम लोगों को कुछ समझ में नहीं आया कि कैसे घटना हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सामने से दुर्घटनाग्रस्त ट्रक दुर्घटना के बाद जिस जगह रूका है, उसी के सामने वही कुआँ है, जहाँ विगत समय एक कार कुआँ में गिर गई थी और तीन लोगों की मौत हुई थी। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने उस कुआं को ढक दिया था और रोड किनारे मिट्टी का ढेर भी बना दिया था। यह स्थल दुर्घटनास्थल बन गया है, इस स्थल को डेंजर जोन बनाना होगा और दुर्घटना को रोकने के लिए कुछ संकेतक लगाने की जरूरत है।

### पानी भरने कि बात को...

ईंट से मारने पर मेरे सिर व दाहिने हाथ की कलाई के ऊपर चोट लगा है और मेरी 3 साल की बेटी तान्या त्रिपाठी को चेहरे, मस्तक में चोट लगा है। आरोपी के द्वारा सरकारी नल में पाईप लगाकर अपने घ्झर पानी ले जाते है, जो कानून गलत है, इनके खिलाफ नगर पंचायत के द्वारा भी कार्यवाही किया जाना चाहिए। भानुप्रतापपुर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### अवैध निर्माण हटाने...

को आरआई द्वारा उक्त शासकीय भूमि में अवैध रूप से गोदाम बना कर रखे हो उसे स्वेच्छा से हटा दो कहने पर आरोपी द्वारा मुझे सभी के सामने कर व्यक्तिगत तौर पर सरपंच के द्वारा मेरा कब्जा हटवा रहे हो बोलने लगा, बाकी लोगो का भी कब्जा है बोलने लगा। आरोपी ने गाली गलौज कर देख लेने की बात कही। आरोपी खेमन व सरोज सिन्हा के द्वारा भी गाली गलौज किया गया है और कहा कि कब्जा हटाया गया तो डीजल-पेट्रोल अपने शरीर में डालकर आत्मदाह कर लेंगे। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 294, 506 (बी), 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### समाज को संगठित करने में राधाकृष्ण का रहा विशेष योगदान



**जगदलपुर।** बस्तर संभाग शौंडीक समाज के सामाजिक भवन में आज शोक सभा का आयोजन हुआ। 3 जनवरी को शौंडिक समाज के प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ समाज सेवक राधाकृष्ण गुप्ता का निधन हो गया है। राधा कृष्ण गुप्ता ने समाज को संगठित करने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके कार्यों व योगदान को याद करते हुए रविवार को बस्तर संभाग समाज के द्वारा सामाजिक भवन में उन्हें भाव पूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही उनके कार्यों को याद करते हुए उन्हें नमन किया गया। उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन सभा भी रखा गया। इस दौरान समाज के संभागीय अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, संस्थापक सदस्य अनिल प्रसाद गुप्ता, राजेश गुप्ता, उमेश गुप्ता सहित सत्य प्रकाश गुप्ता, राजकिशोर गुप्ता, सुनील गुप्ता, प्रेमचंद गुप्ता, रोहित त्रिवेदी, पंडित अभय मिश्रा सहित समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

### यज्ञ स्थल के लिए हुआ भूमि पूजन



**जगदलपुर।** धरमपुरा मार्ग स्थित गायत्री शक्तिपीठ के नव निर्मित भवन में मां गायत्री की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा आगामी माह में होना है। इस आयोजन के पूर्व 9 कुण्डीय यज्ञ होगा, नौ कुण्डीय यज्ञ के लिए बालाजी मंदिर से सटी हुई भूमि का चयन किया गया है। इस भूमि में यज्ञ कुंड निर्माण के लिए रविवार की सुबह 11 बजे भूमि पूजन किया गया। यज्ञ, हवन, आरती के बाद मंत्रो चारित जल को यज्ञ स्थल पर छिड़काव किया गया। यज्ञ शाला के समीप 3 एकड़ में बनाया जा रहा है। यज्ञ में आहुति देने शक्ति पीठ के ट्रस्ट मण्डल, निर्माण समिति और बड़ी संख्या में परिजन उपस्थित रहे। विदित हो कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 3, 4 और 5 फरवरी तक चलेगा। इसके लिए भवन की साज सज्जा की जा रही है। प्राण प्रतिष्ठा में हरिद्वार शांति कुंज से डॉ. चिन्मय पंड्या शामिल होंगे।

### जीवन में कैसे सफलता पाई जाए, छात्रों को दिए टिप्स



**जगदलपुर।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय तोकापाल में विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कक्षा 9 वी और 10 वी के विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रेरणा प्रवक्ता सुमन कार्तिक ने छात्रों को प्रेरित करने के लिए अपने अनुभव और जीवन लक्ष्यों को साझा किया। उन्होंने बताया कि परीक्षा में कैसे सफलता प्राप्त की जा सके, समय का सदुपयोग और भविष्य को सफल बनाने के लिए वर्तमान में कैसे कार्य किया जाए। सकारात्मक सोच रखकर नकारात्मक विचार को दूर करने के तरीके बताए। इस दौरान प्राचार्य राजेश गुप्ता, अधीक्षक एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### नल से निकला कीड़ा



**जगदलपुर।** शहर के शिवाजी वार्ड निवासी रूपेश भागवत के घर के नल से सांप नुमा कीड़ा निकला है। ज्ञात हो कि वर्षों पुराना पाइप लाइन कई वार्डों में है। जिसके जर्जर होने से कीड़े निकलने की शिकायत आती रही है।





### 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तलवारबाजी स्पर्धा का शुभारंभ

# खेल भावना के साथ श्रेष्ठतम प्रतिभा को करें प्रदर्शित : वेदवती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

पूरे देश के खिलाड़ी समृद्ध बस्तर में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा को प्रदर्शित करने आये हैं यह बस्तर के लिए गौरव का

- **उदघाटन मैच में गुजरात ने दिल्ली को दी शिकस्त**

क्षण है। हर प्रतियोगिता में जीत-हार अवश्य मिलती है लेकिन खेल भावना के साथ अपनी श्रेष्ठत्तम हुनर को दिखाना एक खिलाड़ी के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण है। यह बात जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप ने क्रीड़ा परिसर धरमपुरा में 67 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तलवारबाजी स्पर्धा का शुभारंभ अवसर पर खिलाड़ियों को मुख्य आतिथ्य की आसंदी से अपनी शुभकामनाएं देते हुए कही। उन्होंने पढ़ाई के साथ खेलकूद को जरूरी निरूपित करते हुए खेल के क्षेत्र में बेहतर कैरियर बनाने की समझाइश खिलाड़ियों को दी। इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप और नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संजय पाण्डे ने भी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं देते हुए लोक संस्कृति के लिए समृद्ध बस्तर की छवि के बारे में पूरे देशवासियों को अवगत कराने कहा। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करने सहित खेल ध्वजारोहण कर 67 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तलवारबाजी स्पर्धा का विधिवत शुभारंभ किया।





इस मौके पर सयुंक्त संचालक स्कूल शिक्षा संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि इस 67 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तलवारबाजी स्पर्धा में देश के 14 राज्यों तथा 4 राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट संस्थाओं कुल 18 खेल दलों के 376 खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। जिसमें 14 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाएं अपने खेल जौहर का प्रदर्शन करेंगे। इन टीमों का 44 खेल अधिकारी एवं खेल प्रशिक्षक नेतृत्व कर रहे हैं। यह स्पर्धा 14 से 17 जनवरी तक चलेगी। इस दौरान महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने बस्तर की लोक संस्कृति को प्रदर्शित करने वाली पारम्परिक लोक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। वहीं स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल जगदलपुर के छात्र-छात्राओं ने भारत की एकता-अखंडता को रेखांकित विभिन्न प्रदेशों की लोक नृत्यों को उत्साह के साथ प्रस्तुत दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। उक्त 67 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तलवारबाजी स्पर्धा के उदघाटन मैच में गुजरात के खिलाड़ी ने दिल्ली के खिलाड़ी को परास्त किया। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी,खेल अधिकारी एवं खेल प्रशिक्षक,स्कूली शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

मकर संक्रांति पर पामेड़ में 204 कोबरा का सिविक एक्शन प्रोग्राम

## बच्चों को पाठ्य पुस्तक के साथ मिला खेलकूद का सामान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बीजापुर जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र पामेड़ में 204 कोबरा कैम्प में सुरक्षाबलों ने 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर आसपास के सरकारी विद्यालयों, छात्रावासों एंव कन्या आश्रमों के बच्चों एंव शिक्षकों को अपने कैम्प में आमंत्रित किया एंव मकर संक्रांति का त्योहार मनाया। इस अवसर पर 204 कोबरा के द्वारा एक सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया जिसमें कन्या आश्रम भट्टीगुडा, कन्या आश्रम पोटाकेबिन एंव कन्या आश्रम पामेड के कुल 240 छात्राओं एंव शिक्षक उपस्थित रहें। सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत बच्चों की पढ़ाई हेतू स्कूल बैग, स्लेट, पेन्सिल, रबर, सार्पनर, अन्य पाठ्य सामग्री एंव उनके उत्तम शारीरिक एंव मानसिक विकास के लिए खेलकूद के सामान में कैरमबोर्ड, वॉलीबाल, वॉलीबाल नेट, बैडमिंटन नेट आदि वितरित किया गया। इसके बाद सभी बच्चों एंव शिक्षकों को भोजन करवाया गया। बच्चों ने कैम्प परिसर में निर्मित मंदिर में प्रार्थना की। इस प्रोग्राम में रातुल दास कमाण्डेंट 204 कोबरा, अजय कुमार उप कमाण्डेंट, शंकर लाल जाट सहायक कमाण्डेट एंव जोसेफ हिरमयी सहायक कमाण्डेंट ने बच्चों से बातचीत की एवं उनको बेहतर भविष्य के लिए अच्छे से पढ़ाई करने प्रेरित किया। अधिकारियों ने शिक्षकों से उनके स्कूल में बच्चों की जरूरतों के बारे में बात की एंव बताया की 204 कोबरा हमेशा उनकी जरूरतों को पूरा करने हर संभव प्रयास करेगी। शिक्षकों ने 204 कोबरा के इस कार्य की सराहना की।

### एचआईवी के रोकथाम पर भाषण, निबंध व पोस्टर मेकिंग



**जगदलपुर।** राष्ट्रीय युवा दिवस पर शासकीय दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, युथ रेड क्रॉस सोसायटी एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रेड रिबन के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार एचआईवी के रोकथाम के लिए प्राप्त सुविधाएं विषय पर भाषण, निबंध व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनामिका झा एवं प्राध्यपकों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। रासेयो की छात्राओं ने राजकीय गीत व लक्ष्य गीत की प्रस्तुति दी गई। प्राचार्य एवं प्राध्यापकों ने छात्राओं को युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद के मार्ग पर चलकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## राष्ट्रीय कैरम स्पर्धा में बस्तर के 4 खिलाड़ी दिखाएंगे प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

अंतरविद्युत मण्डलीय कैरम प्रतियोगिता (राष्ट्रीय स्तर) हेतु चयनित प्रदेश के 12 खिलाड़ियों में से जगदलपुर रीजन के 4 खिलाड़ी प्रतिभा दिखाएंगे। बस्तर के

- **विद्युत अंतरक्षेत्रीय कैरम में जगदलपुर क्षेत्र की टीम बनी विजेता**
- **पॉवर कंपनीज में हुई 3 दिवसीय अंतरक्षेत्रीय कैरम स्पर्धा**

खिलाड़ियों में सलीम खान, एम.मार्लिन, कमलेश ठाकुर एवं अनवर अली शामिल हैं। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र द्वारा आयोजित पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय कैरम प्रतियोगिता के पुरुष टीम चैम्पियनशिप में जगदलपुर रीजन की टीम विजेता बनी। स्पर्धा का आयोजन 9 से 11 जनवरी तक बीआईटी कॉलेज के बैडमिंटन हॉल में किया गया। स्पर्धा में पावर कंपनीज के नौ क्षेत्रों की टीमों यथा मेजबान टीम दुर्ग, कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम, रायपुर केन्द्रीय, रायपुर, राजनांदगांव, जगदलपुर, मड़वा एवं बिलासपुर क्षेत्र के 72 खिलाड़ियों के बीच मैच खेले गए। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले आठ पुरुष एवं चार महिला खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय विद्युत मंडल प्रतियोगिता के लिए किया गया है।



### अभ्यास कर रहे खिलाड़ी

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर एवं अधीक्षण अभियंता एसएस पांडव ने बताया कि क्षेत्र में कैरम, बैडमिंटन, फुटबाल, व्हालीबॉल आदि खेलों के खिलाड़ी हैं। खिलाड़ी सुबह, शाम में खेलों का अभ्यास करते हैं, इसीलिए सम्मानित हो रहे हैं।

## विद्यार्थियों का राष्ट्रीय उद्यान में शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

राष्ट्रीय उद्यान द्वारा लगातार स्कूली विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

- **बच्चों को सांस्कृतिक, प्राकृतिक धरोहर का अनुभव कराना**




आमचो रान आमचो जीवना इस थीम पर आधारित राष्ट्रीय उद्यान द्वारा राष्ट्रीय उद्यान द्वारा इस प्रोग्राम की शुरूआत की है, जिसमें विभिन्न विद्यालयों से विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण हेतु आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। हाल ही में जवाहर नवोदय विद्यालय, बस्तर के विद्यार्थियों को लगातार शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा जा रहा है। इस प्रकार जवाहर नवोदय विद्यालय के 500 विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण का कार्यक्रम तय किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर का अनुभव कराना है। इस शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में मैना मित्र और स्थानीय मार्गदर्शकों को भी शामिल किया गया है। साथ ही सहयोगी संस्था के रूप में एनरूट बस्तर कार्य कर रही है।

राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक धम्मशिल गणवीर ने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम अंतर्गत विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्रीय उद्यान की जैव विविधता प्राकृतिक सौंदर्यता एवं यहां के आदिवासी संस्कृति के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है। छात्र विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से भी प्रकृति के बारे में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। भ्रमण अंतर्गत कैलाश गुफा, कोटमसर इकोटूरिज्म ग्राम में धुरवा नृत्य, जनजातीय भोजन और पक्षियों का अध्ययन, प्राकृतिक रहवास और गांव की संस्कृति से जीवन जीने की कला के बारे में अवगत कराया जा रहा है।

**नक्सलियों के गढ़ बटालियन नम्बर एक इलाके में खुला नया कैम्प :** जगदलपुर : सुकमा जिले के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित व नक्सलियों के बटालियन नम्बर एक का गढ़ माने जाने वाले इलाके में एक सप्ताह के अंदर दूसरा नया पुलिस कैम्प खोलकर नक्सलियों के खिलाफ आपरेशन चलाने की मुहिम शुरू कर दी गई है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि शुक्रवार को सुकमा जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सुकमा व बीजापुर जिले की सीमा पर ग्राम दुलेर एवं मेट्टागुड़ा के बीच नवीन कैंम्प स्थापित किया गया है। यह इलाका नक्सलियों के पीएलजीए बटालियन नंबर एक के मुख्यालय के रूप में पहचान रखने वाले क्षेत्र में डीआरजी, बस्तर फाइटर, जिला बल, कोबरा 201, 206 बटालियन व सीआरपीएफ 2 बटालियन के विशेष सहयोग से नवीन कैंप स्थापित किया गया।

### एपीएस में तीन त्यौहार एक साथ मनाए गए

**जगदलपुर।** शनिवार को आदेश्वर पब्लिक स्कूल खम्हारगांव में मकर संक्रांति, पोंगल एवं लोहड़ी का त्यौहार एक साथ मनाया गया। जिसमें शिक्षकों द्वारा कक्षा नर्सरी से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों को इन त्यौहार के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही अग्नि प्रज्वलित कर सभी बच्चों ने ढोल के साथ नृत्य करते हुए अपनी भीतर छुपी बुरी आदतों को छोड़ने का संकल्प लिया। अंत में सभी को तिल, गुड़,मूंगफली का प्रसाद वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल की सीईओ डॉ जीबी जॉर्ज, प्राचार्या श्रीमती बलवीर कौर एवं स्कूल व नर्सिंग कॉलेज के समस्त शिक्षक गण, विद्यार्थी व ऑफिस स्टाफ उपस्थित रहे।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक कांकेर तहसील कांकेर जिला उ.ब. कांकेर**
**// सूचना पत्र //**

क्रमांक क्यू/रा.नि./सू.प./2024

कांकेर दिनांक 14/01/2024

आवेदक श्री देवेन्द्र कुमार पिता हीरालाल चौहान, अनावेदक अनिता सिता पति रामलाल सिन्हा, करिहा, तहसील चारामा, वार्ड शिवनगर कांकेर के निवासी, वार्ड संजय नगर कांकेर के निवासी।

एतद्द्वारा आप सभी को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री देवेन्द्र कुमार चौहान पिता हीरालाल चौहान (हीरा फार्म कांकेर) निवासी कलकत्ता के आवेदन पर न्यायालय तहसीलदार कांकेर के आदेशानुसार ग्राम कांकेर प.ह.नं. 24 स्थित आवेदित भूमि खसरा नंबर 167, 172, 173, 175/2 रकबा 0.065, 12.703, 0.065, 0.243 हे. का सीमांकन किया जाना है और दिनांक 17/01/2024 बुधवार को नियत किया गया है। अतः आप सभी अपने भूमि संबंधित दस्तावेजों के साथ नियत तिथी को आवेदित स्थल पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

टीप- नियत तिथी को शासन की आकस्मिक अतिमहत्वपूर्ण सीमांकनकर्ता को सौपें जाने पर नियत तिथी में परिवर्तन संभव है।

ईश्वर लाल नेताम
राजस्व निरीक्षक, कांकेर

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी
मो : 7067576396, 8319272982
ESIC CARD सुविधा उपलब्ध
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
डॉ. अभिषेक लॉज एम.एस. ऑर्थो (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
डॉ. नरेश देवांगन एमबीबीएस, न्यूरो सर्जन (मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ)
डॉ. गौरव त्रिपाठी कार्डियोलॉजिस्ट
डॉ. मुरारी वशानी डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन
डॉ. यतीन देवांगन प्लास्टिक सर्जन
डॉ. उत्कर्ष नंदा एम.एस.सर्जन (जनरल सर्जन)
डॉ. एस.दास एमबीबीएस, एमडी (मैडीसिन विशेषज्ञ)
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ.आकाश अग्रवाल यूरोलॉजी

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### लिलेझर मे मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस



**चारामा।** शाउमावि लिलेझर में राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट के द्वारा युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद का जयंती धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के द्वारा स्वामी विवेकानंद की छायाचित्र का पूजा कर किया गया। नंदिनी, पवन, प्रमोद व मधुश्री के द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन के बारे भाषण एवं कविता प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने देशभक्ति गीत पर नृत्य की प्रस्तुती दी। प्राचार्य गंगराले ने स्वामी विवेकानंद से प्रेरित होकर जीवन में आगे बढ़ने की बात कही। व्याख्याता विजय राय के द्वारा युवाओं को शपथ दिलाया गया। छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्काउट गाइड, रेड क्रॉस, एनएसएस एवं शालेय छात्र-छात्राओं व शिक्षकगण उपस्थित रहें।

### कच्ची महुआ शराब की बिक्री, एक गिरफ्तार

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम दाबकट्टा रंगमंच के पास बड़ झाड़ के नीचे एक व्यक्ति एक प्लास्टिक बोरी के अंदर प्लास्टिक जरकीन में हाथ भट्ठी की बनी कच्ची महुआ शराब को रखकर बिक्री करने के लिये ग्राहक तलाश रहा है कि सूचना पर पुलिस ने रेड कार्यवाही कर दाबकट्टा रंगमंच के सामने बड़ पेड़ के नीचे दुकालू राम नेताम पिता सदेसिंह नेताम उम्र 52 वर्ष दाबकट्टा को 02 नग 05 लीटर क्षमता वाली एक पीला कलर की जरकीन में 05 लीटर व दूसरी पीला कलर की जरकीन में 03 लीटर भरी हुई हाथ भट्ठी की बनी हुई कच्ची महुआ शराब कुल 08 लीटर कीमती 1120 रूपये के साथ गिरफ्तार किया है।आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध के विवेचना में है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा पंचायत मासुलपानी में हुआ

**नरहरपुर।** नरहरपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत मासुलपानी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दिया। कार्यक्रम के दौरान सरपंच रमिया नेताम कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा शासन की योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। कार्यक्रम के माध्यम से एक स्थान पर सरकार की मंशा के अनुरूप शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और छूटे हुए हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान धन सिंह कोड़ोपी, रामचरण सलाम, गंगा नेताम, नरेसू नेगी, पार्वती नेताम, रेखा शोरी, गंगा पोया, मनु नेताम व ग्रामीण उपस्थित रहें।

# लारगांव मरकाटोला में रासेयो के 7 दिवसीय विशेष शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शाउमा विद्यालय लारगांव मरकाटोला का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम बाबू साल्हेटोला में समापन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना में जुड़कर अपने व्यक्तित्व का विकास करते हुए समाज के मुख्य धारा में जुड़कर राष्ट्र और समाज की उन्नति में अपने योगदान देते हुए शासन के कार्यों की व योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने में विशेष योगदान रहता है।

समापन के अवसर पर विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि युवाओं के सबसे बड़े संगठन के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना बहुत बड़ा मंच है। इस शिविर में सम्मलित हुए विद्यार्थियों को जो सीख मिली वह उनके जीवन के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। शिविर संचालक अशोक कुमार कोर्राम कार्यक्रम अधिकारी ने शिविर उपलब्धि को बताते हुए कहा कि



भारत सरकार की महत्वपूर्ण कार्य फीट इंडिया के तहत योग व्ययाम व ग्रामीण खेल, परियोजना कार्य में स्वच्छता अभियान व श्रमसंस्कार, बौद्धिक परिचर्चा में डिजिटल इंडिया के तहत माई भारत पोर्टल युवाओं के पंजीयन, युवा मतदाता पंजीयन व स्वीप प्रोग्राम, इंडियास माई आडियास प्रेजेंटेशन प्रोग्राम, करियर गाइडेंस व व्यक्तित्व विकास, सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढाओ, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति, अंधविश्वास कुप्रथा निवारण, विधवा विवाह के साथ गांव में विशाल सांस्कृतिक रैली समरस्ता के थीम पर निकाली गई और अयोध्या के राम मंदिर में प्रभु राम का प्राण प्रतिष्ठान संस्कार का निमंत्रण अयोध्या से आए अक्षत प्रत्येक घर भेट- मुलाकात करके सांस्कृतिक संदेश दिया गया। पुरस्कार समारोह में बलराम नेताम स्वास्थ्य विभाग सेवानिवृत कर्मचारी ने पीतल का शुद्ध पेय पात्र गुन्डी भेंट किया। महिला स्व सहायता समुह ने साड़ी व धोती प्रदान की एवं शिविरार्थियों को प्रशस्ति पत्र अतिथियों के हाथों प्रदान की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में बलदेव सिंह ठाकुर, पुष्पा मण्डाव़ी, निगम गजबिए, यतीश चन्द्र शुक्ल, पुन्नू राम प्रधान, बृजलाल साहु, रंजिता नुचार्य, देवराज मण्डाव़ी, घनश्याम पटेल, एकता ठाकुर, छतेश जैन, कामनी मण्डाव़ी, गज्जू शोरी, जागृति कोर्राम, शीतल कोर्राम, पम्मी दिवाकर, झरना सिन्हा, वेदवती साहु, छाया कोर्राम, राजीव शोरी, पीपी नुचार्य इत्यादि का योगदान रहा।

**शिविर : सभी 266 मतदान केंद्रों में मतदाता सूची का वाचन एवं नये युवा मतदाताओं के नाम जोड़े गये**

# पुनरीक्षण शिविर में भानुप्रतापपुर के 1789 लोगों ने आवेदन लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कांकेर के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (रा) एव निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भानुप्रतापपुर के मार्गदर्शन में आज भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 80 भानुप्रतापपुर में विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची का विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

आज के शिविर में सभी 266 मतदान केंद्रों में बीएलओ और अविहित अधिकारी अपने अपने मतदान केंद्रों में उपस्थित होकर मतदाता सूची का वाचन किया एवं 1 जनवरी 2024 को जिन मतदाताओं की आयु 18 साल हो गयी हो उनका नाम मतदाता सूची में जोडने का कार्य किया। आज विधानसभा में कुल 1789 आवेदन प्राप्त किया गया। जिसमे से नाम जोडने के लिए फार्म 6 कुल 749, नाम विलोपन के लिए फार्म 7 कुल 574 एवं सुधार, शिफ्टिंग, ईपिक कार्ड निर्माण एवं दिव्यांग मार्किंग का




फार्म 8 कुल 466 आवेदन शिविर के माध्यम से प्राप्त किया गया। निर्वाचन आयोग द्वारा 6 जनवरी से 22 जनवरी तक मतदाता सुची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य चलाया जा रहा है।

शिविर अवधि में 13 एवं 14 जनवरी को विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उसी कडी में आज सभी बीएलओ द्वारा गांव गांव में मुनादी कराकर इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया गया था। वर्तमान में विधानसभा 80 भानुप्रतापपुर में प्रकाशन तिथि को कुल मतदाता की संख्या 202816 है जिसमें पुरूष मतदाता की संख्या 98563 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 104306 है।विधानसभा में कुल 266 मतदान केंद्र है । भानुप्रतापपुर तहसील में 99, चारामा तहसील में 105 एवं दुर्गुकोंदल तहसील में 62 मतदान केंद्र है। इसके लिए प्रत्येक मतदान केंद्रों के लिए बीएलओ और अविहित अधिकारी नियुक्त किये गये है। साथ ही साथ 10 मतदान केंद्रों पर एक सुपरवायजर कुल 26 सुपरवायजर है जो कार्य की मानिटरिंग कर रहे है। आज शिविर का निरीक्षण एसडीएम भानुप्रतापपुर सुश्री आस्था राजपूत, एसडीएम चारामा राकेश गोलछा, तहसीलदार भानुप्रतापपुर सुरेंद्र उर्वशा,तहसीलदार दुर्गुकोंदल उमाकांत जायसवाल,तहसीलदार चारामा कृष्ण कुमार पाटले, निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर के साथ साथ सभी सुपरवायजरों ने किया ।

# कोलर में पाइप लीकेज होने से सड़कों पर बह रहा पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

कोलर में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी नल जल योजना की एक महीने से पाइप लीकेज होने के कारण पानी सड़क पर बहता रहता है। इससे लोगों के साथ राहगीरों को सड़क से होकर आने-जाने में काफी दिक्कत हो रही है। साथ ही पानी बर्बाद हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई दिनों से नल-जल योजना के तहत बिछाई गई पाइप से पानी का रिसाव हो रहा है। इससे सड़क पर आए दिन पानी का जमाव बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया ग्राम कोलर में नल जल योजना के अंतर्गत घर-घर में पानी सप्लाई की व्यवस्था किया गया है। परंतु पानी सप्लाई लाईन में जगह-जगह लीकेज होने के कारण लगभग 15 दिन से पानी सप्लाई बंद है। ग्रामीणों ने बताया इस समस्या को लेकर कई दफा ठेकेदार से पाइपलाइन सुधार करने के लिए बोला जा चुका है परंतु आज तक सुधार करने में ध्यान नहीं दे रहे हैं। आपको बता दें कि जिले की ग्राम पंचायतों में हर घर नलजल योजना की उपलब्धि को लेकर शासन प्रशासन लगातार प्रयास कर रही है। और नलजल योजना से घरों तक पानी पहुंचाने का दावा किया जा रहा है। लेकिन आज भी नलजल योजना के सफल संचालन बड़ी चुनौती बनी हुई है।

कहीं टोंटी गायब है तो कहीं पाइप लीकेज है। उपयोग से अधिक पानी की बर्बादी भी हो रही है। इस सम्बंध में उप अभियंता तुला राम मधुकर ने बताया सड़क निर्माण की वजह से समस्या हुई है एक सप्ताह में पानी सफ्लाई व्यवस्था ठीक कर दिया जाएगा

# संकुल स्तरीय गणित मेला और वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़




अंतागढ़ ब्लाक के ग्राम भैसासुर में संकुल स्तरीय गणित मेला व वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र में पूजा अर्चना पश्चात पूर्व में संकुल समन्वयक रहे स्वर्गीय बृजलाल उसेंडी को श्रद्धाजंलि अर्पित किया गया।

कार्यक्रम में संकुल अंतर्गत आने समस्त स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुत दी गई, जिसमें उपस्थित बच्चों के साथ-साथ दर्शक भी झूमने लगे। यह आयोजन विकासखण्ड अंतागढ़ के संकुल भैंसासुर 1 में रखा गया था, जिसमें संकुल के अंतर्गत प्रत्येक विद्यालयों के बच्चों द्वारा गणितिय अवधारणाओ को मूर्त रुप देते हुए गुपचुप, भेल पुरी, मुंगौड़ी, पावभाजी, इडली सांभर, आलु गुंडा, चाट व अन्य खाद्य सामाग्री के अलावा हरी सब्जीयों का कुपन द्वारा क्रय किया गया, जिसमें ग्रामीणों व छात्र छात्राओं द्वारा स्वादिष्ट व्यंजनों का लुप्त उठाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथी जिला पंचायत सदस्य दिलीप बघेल द्वारा अपने उद्बोधन में आयोजित कार्यक्रम को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार का आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास मे मददगार साबित होता है। उन्होंने कहा कि आगामी वर्षों में ऐसे आयोजनों के साथ ही खेलक्रीड़ा प्रतियोगिता रखने के लिए विचार प्रकट किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी बीईओ संजय ठाकुर, एबीईओ प्रवीण चतुर्वेदी व बीआरसी केके नाग द्वारा ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा गणितीय संक्रियाओं को समझाने के प्रयास की सराहना की गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष चैनूराम नरेटी सरपंच द्वारा किया गया एवं विशिष्ट अतिथी कुबेर चुरपाल, राधिका धनेनिया, रमेश रौतिया, कैलाश पोटाई, लोकेन्द्र बधेल, प्रफुल्ल बघेल, संकूल प्रचार्य रमेश मंडावी, शिक्षक नितेंद्र नेताम उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मोनू कौशल द्वारा किया गया व आभार प्रदर्शन सीएसी राकेश जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं स्टाफ का योगदान रहा।



## भाजपा ने असीम हत्याकाण्ड के आरोपियों का फूंका पुतला

**दुर्गुकोंदल।** पखांजूर में भाजपा नेता असीम राय की हत्या मामले को लेकर भाजपा मंडल दुर्गुकोंदल के द्वारा भाजपाइयों ने बस स्टैंड के मेन चौक में बप्पा गांगुली और विकास पाल का पुतला जलाया। पीलम नरेटी ने कहा कांग्रेसियों के कार्यकर्ताओ ने भाजपा नेता असीम राय को जिस तरीके से गोली मारकर हत्या किया है, कही न कही कांग्रेस पार्टी में बौखलाहट है। कई भाजपा नेताओ मारे गए है, कभी नक्सली तो कभी कांग्रेसियों के हांथो।

कांग्रेस पार्टी के नीति और नियत साफ-साफ दिखाई देता हैं और हम भाजपा कार्यकर्ता एकजुटता है। शासन प्रशासन से यही मांग करते है की असीम राय के सभी हत्यारो को कड़ी से कड़ी व फांसी की सजा मिलना चाहिए, नही तो हम उग्र आंदोलन करेंगे।

कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए बप्पा गांगुली एवं विकास पाल को फांसी देने की मांग की गई। इस दौरान विजय पटेल, अशोक जैन, शिरों कोमरे, फूलसिंह मंडावी, पुनारथ दास, हरिप्रसाद टांडिया, रिश्वर कोरेटी, दीपक मरकाम, सुबरत साना, राम एवं अन्य भाजपाई उपस्थित रहें।

# धान उठाव में धीमी गति की समीक्षा के लिए कलेक्टर ने मिलर्स की बैठक ली



**कलेक्टर ने विभागों से समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश दिए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिले के उपार्जन केन्द्रों से राइस मिलर्स के द्वारा धान का उठाव धीमी गति से किए जाने और केंद्रों में जाम की स्थिति निर्मित न हो, इसे दृष्टिगत करते हुए कलेक्टर अभिजीत सिंह ने मिलर्स की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने राइस मिलर्सवार समीक्षा करते हुए धान के उठाव में तेजी लाने और जल्द से जल्द चावल जमा कराने के लिए कहा।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने सिलसिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि धान का उठाव समय पर नहीं हो पाने की वजह से कतिपय संग्रहण केन्द्रों में जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। वहीं निर्धारित मात्रा में चावल भी जमा नहीं हो पा रहा है। अगर उठाव की गति आनुपातिक तौर पर ऐसी ही रही, तो आगामी दिनों में और संग्रहण केन्द्रों में भी जाम की स्थिति निर्मित हो जाएगी। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी राइस मिलर्स से इसमें तेजी लाने के लिए कहा, जिससे शासन के साथ-साथ मिलर्स को भी सुविधा होगी। इस दौरान कलेक्टर ने अवरोध दूर करते हुए हरहाल में धान उठाव और चावल जमा करने का अनुपात संतुलित करने के लिए कहा। बैठक में मिलर्स ने अपनी विभिन्न समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया, जिस पर उन्होंने शासन स्तर पर पत्राचार कर इसकी जानकारी देने व अवरोधों को दूर करने के लिए आवश्यक पहल करने की बात कही।

जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि खरीफ़ विपणन वर्ष 2023-24 में जिले के समितियों में अब तक कुल 3 लाख 79 हजार 214 मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है, जिनमें 03 लाख 4 हजार 63 मीट्रिक टन का डीओ जारी हुआ है और 01 लाख 98 हजार 896 मीट्रिक टन का उठाव हो चुका है। उपार्जन केन्द्रों में 01 लाख 80 हजार 318 मीट्रिक टन धान शेष है। इस प्रकार जिले में खरीदे गए धान का उठाव प्रतिशत 52.4 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 01 लाख 01 हजार 108 पंजीकृत किसान हैं और लगभग 01 लाख 41 हजार 333 हेक्टेयर रकबा पंजीकृत है, जिसमें से 52 प्रतिशत रकबे का धान अब तक बेचा जा चुका है। इस अवसर पर जिला खाद्य अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम उपस्थित रहे।


# राजस्व विभाग ने दो अवैध कब्जे को हटवाया और वन विभाग ने बांस पेड़ की छटाई करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सड़क निर्माण में गति लाने के लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह ने ठेकेदार व सभी एजेंसियों से चर्चा किया था और निर्देश दिया था कि सड़क निर्माण का कार्य जल्द पूरा किया जाएं और जो दिक्कत होती है, उनका सभी विभाग समन्वय बनाकर निराकरण करें।

कलेक्टर के द्वारा आयोजित बैठक में ठेकेदार ने बताया था कि गोविंदपुर में सड़क जिस जगह से बनना प्रारंभ हुई है, वहाँ पर बाँस के पेड़ आ जाने से दिक्कत हो रही है। कलेक्टर के निर्देश पर वन विभाग की टीम ने 14 जनवरी को सुबह सड़क निर्माण में दिक्कत करने वाले बांस पेड़ की छटाई किया गया। बांस





पेड़ क छटाई कर दिए जाने से ठेकेदार की इस समस्या का निराकरण किया गया। इसके अलावा ज्ञानी चौक के पास दो दुकानदार के विरोध करने पर नाली निर्माण कार्य रूका हुआ था। राजस्व विभाग से एसडीएम मनीष साहू एवं उनकी टीम 14 जनवरी को मौके पर पहुँचकर स्थल का निरीक्षण किया। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के द्वारा दी गई जानकारी के तहत नाली निर्माण में बाधा डालने वाले साहू हॉटल के संचालक से बात किया और उसे बताया गया कि चबूतरा को हटाना पड़ेगा, तभी नाली बनेगी। एसडीएम के द्वारा दुकान संचालक को समझाए जाने के बाद चबूतरा को हटाया गया वहीं आटो सेंटर के द्वारा दो पहिया वाहन को बाहर बनाता था, जिसके चलते नाली निर्माण कार्य रूका था। राजस्व विभाग की टीम ने आटो संचालक को समझाईश दिया और कहा कि हमारे द्वारा तोड़ने से ज्यादा नुकसान होगा, उस पर दुकान संचालक ने स्वंय अपने कब्जे को हटा लिया।

एसडीएम मनीष साहू ने बताया कि 13 जनवरी को आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय के तहत यह कार्यवाही किया गया है। ठेकेदार और लोक निर्माण विभाग के द्वारा सड़क निर्माण में जो भी समस्या बताई जाएगी, उसका तत्काल निराकरण किया जाएगा।

